# संख्याओं का मेला

आज चाचाजी जब मंडी से बिस्कुट खरीदकर लाए तो सुमन ने पूछा, चाचाजी आप कितने बिस्कुट लाए हैं? तब चाचाजी ने कहा, तुम खुद ही गिनकर देख लो।




बिस्कुटों की संख्या गिनने के लिये सुमन ने जमीन पर तीन खण्ड बनाए। पहला खण्ड खुले हुए बिस्कुटों के लिए, दूसरा खण्ड पैकेटों के लिए और तीसरा खण्ड डिब्बों के लिए।

फिर क्या था, सुमन अपने भाई राहुल के साथ चाचाजी द्वारा लाये गए बिस्कुटों को इनमें रखने लगी।

©BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

पहले उन्होंने तीनों खण्डों में एक–एक सामान रख दिया। जैसे 1 बिस्कुट, 1 पैकेट और 1 डिब्बा।

चित्र–1




1 डिब्बा

तीसरा खण्ड




1 पैकेट


दूसरा खण्ड



1 खुला बिस्किट

पहला खण्ड

तब सुमन ने राहुल से पूछा– बताओ कुल कितने बिस्कुट हुए?




फिर राहुल ने पहले खण्ड में 4 बिस्कुट, दूसरे खण्ड में 3 पैकेट तथा तीसरे खण्ड में 5 डिब्बे और रखे।

चित्र–2



तीसरा खण्ड     दूसरा खण्ड     पहला खण्ड

© GSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

खुले बिस्कुट = ..........................................................................

बिस्कुट के पैकेट = ............................ तो कुल बिस्कुट = ..............................

बिस्कुट के डिब्बे = ...................... तो कुल पैकेट = ................... व कुल बिस्कुट = ...............

क्या आप बता सकते हो कि चित्र–2 में अब कुल कितने बिस्कुट हुए? ————————————

अब सुमन और राहुल ने उन खण्डों में बचे हुए सभी डिब्बे, पैकेट एवं खुले बिस्कुट रखे।

चित्र–3




खुले बिस्कुट..................................................................................

बिस्कुट के पैकेट ................................ तो कुल बिस्कुट ................................

बिस्कुट के डिब्बे ...................... तो कुल पैकेट = .................... तो कुल बिस्कुट ..................

क्या आप बता सकते हो कि अब चित्र–3 में कुल कितने बिस्कुट हुए? ——————————————

तभी चाचाजी ने उन्हें 1 बिस्कुट दिया और कहा कि ये कहाँ रखोगे?









© BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

आप बताइए 1 डिब्बे में कितने पैकेट हैं? ............................................................................

तब ये 10 पैकेट मिलकर 1 डिब्बा बनकर डिब्बे वाले स्थान पर आ जाएगा।





इस प्रकार हम पाते हैं कि

1 हजार = 10 सैंकड़े = 100 दहाई = 1000 इकाई

इसी तरह अगर हर ढेर में 100 मौसमियाँ हैं और हर टोकरी में 10 मौसमियाँ हैं और साथ में कुछ मौसमी अलग भी है, तो कुल कितनी मौसमियाँ हैं?



कुल मौसमियाँ ..........................................................................................................

इसी प्रकार अगर हर सन्दूक में 10 बरनियाँ हैं और हर बरनी में 10 काँच की गोलियाँ हैं और साथ में कुछ काँच की गोलियाँ अलग भी हैं तो कुल कितनी काँच की गोलियाँ हैं?



कुल गोलियाँ ..................................................


यदि इसमें एक खुली काँच की गोली और मिला दी जाए तो काँच की कितनी गोलियाँ होंगी? लिखिए।

© WBBSE WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED


---------------------------------------------------------------

आओ गिनतारे पर संख्या दर्शाएँ–


प्रियंका और अरमान इसे गिनतारे पर दिखाना चाहते थे। उन्हें पता है कि गिनतारा इस तरह का होता है–



इसी प्रकार 2 अंकों व 3 अंकों की संख्या को प्रदर्शित करने के लिए 2 छड़ोंवाले व 3 छड़ोंवाले गिनतारे की आवश्यकता होती है।




इस प्रकार यदि 4 अंक की संख्या प्रदर्शित करनी है तो हमें 4 छड़ोंवाला गिनतारा चाहिए।









प्रियंका

अरमान, इस गिनतारे पर इकाई, दहाई, सैकड़े की छडों पर 9–9 मोती हैं। अतः संख्या हुई 999, अब एक मोती और बढ़ाना हो तो क्या करना होगा?






इकाई के स्थान पर तो 9 मोती पहले से ही हैं। तब 1 मोती मिलकर हुआ, 9 + 1 = 10, मतलब एक दहाई, पर दहाई में भी 9 मोती पहले से ही हैं। 1 दहाई और मिलकर बनी 10 दहाइयाँ यानी कि 1 सैकड़ा

अरमान




ओह! लेकिन सैकड़े पर भी तो 9 मोती पहले से ही हैं। अब क्या करें?

आप सोचकर बताइए कि प्रियंका व अरमान क्या करेंगे?

© BSTBPC
WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED


आइए, देखें–





अर्थात् 1352=1×1000+3×100+5×10+2×1=1000+300+500+2


अतः गिनतारा पर प्रदर्शित संख्या 1352 है, जो शब्दों में एक हजार तीन सौ बावन है।


अब आप भी गिनतारा देखकर संख्याएँ लिखिए–





............................................ ............................................








............................................ ............................................


अब आप गिनतारे पर निम्नलिखित संख्याओं को प्रदर्शित कीजिए–




3168





9070





7290

## जुगत लगाओ करते जाओ–

10 इकाइयाँ बनाती हैं 1 छड़ी




10 इकाइयाँ




1 छड़ी या 1 दहाई = 10 इकाइयाँ

10 छड़ें बनाती हैं एक डिब्बा

यानी 10 दहाइयाँ बनाती हैं 1 सैकड़ा या 10 दहाइयाँ = 1 सैकड़ा



10 दहाइयाँ




1 सैकड़ा = 100 इकाइयाँ


© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

10 चौकोर बनाते हैं एक बड़ा डिब्बा

10 सैकड़े बनाते हैं 1 हजार या 10 सैकड़े = 1 हजार



10 सैकड़े




1 हजार = 1000 इकाइयाँ

अतः 10 इकाइयाँ = 1 दहाई


10 दहाइयाँ = 1 सैकड़ा

10 सैकड़े = 1 हजार




1000 + 100 + 20 + 2 = 1122


अब आप बताइए–



□ + □ + □ + □ = □



□ + □ + □ + □ = □



□ + □ + □ + □ = □

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

**उन पर सही का निशान ( ✓ ) लगाइये जो 1000 के बराबर है–**

| | | |
|---|---|---|
| 999 + 1 | 900 + 100 | 99 + 100 |
| दस सैकड़े | एक हजार | सौ इकाइयाँ |
| 999 के बाद आनेवाली संख्या | 1000 से पहले आनेवाली संख्या | 1001 से पहले आनेवाली संख्या |
| 300 + 300 + 300 | 500 + 500 | 2000 + 2000 |
| एक हजार इकाइयाँ | 999 से एक ज्यादा | 600 + 600 |

**नीचे लिखी गई संख्याओं को विस्तारित रूप में एवं शब्दों में लिखिए।**

| | | विस्तारित रूप में | शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 1. | 5178 | 5 1000 + 1 100 + 7 10 + 8 1 = 5000 + 100 + 70 + 8 | पाँच हजार एक सौ अठहत्तर |
| 2. | 7219 | | |
| 3. | 5602 | | |
| 4. | 9503 | | |
| 5. | 7899 | | |
| 6. | 9999 | | |
| 7. | 1574 | | |

© BSTBPC
WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

**पहले कॉलम के अनुसार सभी कॉलम ऊपर से नीचे क्रमवार भरिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1725 | 5998 | 3117 | 7228 | 4092 | 6503 |
| 1726 | 5999 | 3118 | 7229 | 4093 | 6504 |
| 1727 | | | | | |
| 1728 | | | | | |
| 1729 | | | | | |
| 1730 | | | | | |
| 1731 | | | | | |
| 1732 | | | | | |
| 1733 | | | | | |
| 1734 | | | | | |

© BSTBPC WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

**कॉलम देखकर इन सवालों के उत्तर दीजिए–**

1. जिस तरह पहले कॉलम के जिस बॉक्स में दहाई का अंक बदला है उसमें लाल रंग भरा है।

   (i) उसी तरह अन्य कॉलमों के जिस–जिस बॉक्स में दहाई अंक बदल रहा है वहाँ आप लाल रंग भरिए।

   (ii) लाल बॉक्स वाली संख्याएँ यहाँ लिखिए– 1730, ..............................................

   ........................................................................................................

   (iii) ऊपर लिखी संख्याओं के इकाई के स्थान पर कौन–सा अंक है, लिखिये–

   ........................................................................................................

2. प्रत्येक कॉलम के जिस बॉक्स में सैकड़े का अंक बदल रहा है, उसे गोल से घेरिए और उन संख्याओं को नीचे लिखिए।

   ........................................................................................................

3. प्रत्येक कॉलम के जिस बॉक्स में हजार का अंक बदल रहा है उस पर ( ) का निशान लगाइये और उन संख्याओं को नीचे लिखिए।

   ........................................................................................................

## संख्या लिखिए–

1. वह संख्या जिसमें इकाई के स्थान पर 5, दहाई पर 4 हो और सैकड़े पर 6 हो।

..........................................................................................................................

2. वह संख्या जिसमें हजार के स्थान पर 2, सैकड़े के स्थान पर 1, दहाई के स्थान पर 7 और इकाई के स्थान पर 9 हों।

..........................................................................................................................

3. **नीचे दी गई संख्या के बाद कौन–सी संख्या आती है? बाद की संख्या लिखने पर जिस स्थान के अंक बदले, उस स्थान पर गोला लगाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 99 | 100...................... | ह. (सै.) (द.) (ई.) | 959 | ...................... | ह. सै. द. ई. |
| 29 | ...................... | ह. सै. द. ई. | 445 | ...................... | ह. सै. द. ई. |
| 999 | ...................... | ह. सै. द. ई. | 1000 | ...................... | ह. सै. द. ई. |
| 9000 | ...................... | ह. सै. द. ई. | 6999 | ...................... | ह. सै. द. ई. |

4. **संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखिए–**

   1. 423, 902, 812, 359, 493, ..........................................................
   2. 1417, 4171, 3329, 2352, 5174, ..........................................................
   3. 6070, 7060, 7006, 7600, 6700, ..........................................................

5. **संख्याओं को घटते क्रम में लिखिए–**

   1. 784, 497, 841, 579, 691 ..........................................................
   2. 2419, 2481, 2377, 7732, 2294, ..........................................................
   3. 4500, 4050, 4005, 5004, 5400, ..........................................................

6. बढ़ते और घटते क्रम में संख्याओं को सजाते समय हजार के स्थान का अंक देखना फिर सैकड़ा व उसी क्रम में दहाई और इकाई के स्थान के अंक को देखना सही रहता है या इसके विपरीत। सोचिए।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

**7. इन अंकों से आप चार अंकोंवाली संख्या बनाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| 0 1 | ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| 3 | ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| | ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |

**8. दिए गए अंकों का उपयोग करके सबसे छोटी व सबसे बड़ी संख्या बनाइए। याद रहे कोई अंक दोहराना नहीं है।**


| | सबसे छोटी संख्या | सबसे बड़ी संख्या |
|---|---|---|
| 1,2,3,4 | ..................................... | ..................................... |
| 3,0,2,5 | ..................................... | ..................................... |
| 8,7,6,9 | ..................................... | ..................................... |
| 5,9,0,2 | ..................................... | ..................................... |

© BSTBPC
WEBCOPY NOT TO BE PUBLISHED

**पढ़ गया चूहा चक्कर में**




इसे गिनतारे पर भी दर्शाएँ।



शबनम ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। उसने वहाँ पहला स्थान पाया। उसने देखा कि प्रतियोगिता के परिणाम इस तरह से लिखे गए—

| | **स्थान** | **नाम** |
|---|---|---|
| प्रथम | I | शबनम |
| द्वितीय | II | मीना |
| तृतीय | III | प्रियंका |


शबनम सोच में पड़ गई।




ये चिह्न रोमन संख्याओं के हैं। क्या आपने ऐसे चिह्न कहीं देखे हैं?

यदि हाँ तो कहाँ? ———————————————————————————————

**घड़ी के चित्र को देखिए और बताइए—**



प्रथम दस रोमन संख्यांक कौन–से हैं?

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | II | | | | | | | IX | |

रोमन संख्याओं में शून्य के लिए कोई चिह्न नहीं होता और इसमें केवल सात प्रतीकों का उपयोग होता है। एक चिह्न का प्रयोग किसी संख्यांक में तीन बार से अधिक नहीं होता है।

| I | V | X | L | C | D | M |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | 5 | 10 | 50 | 100 | 500 | 1000 |

— विद्यालय में हुई क्विज दो राउंड प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले 7 बच्चों के अंक नीचे लिखे गए हैं। उन्हें रोमन में लिखिए।

| **नाम** | **अंक** | **रोमन संख्या** |
|---|---|---|
| मधु | 14 | XIV |
| प्रशान्त | 16 | XVI |
| विजय | 19 | XIX |
| अंजना | 21 | XXI |
| रजनी | 30 | XXX |
| गोविन्द | 36 | XXXVI |
| राम | 65 | XLV |

| **नाम** | **अंक** | **रोमन संख्या** |
|---|---|---|
| मधु | 3 | |
| प्रशान्त | 10 | |
| विजय | 15 | |
| अंजना | 18 | |
| रजनी | 26 | |
| गोविन्द | 35 | |
| राम | 50 | |